**आकाशवाणी, भोपाल**
**प्रादेशिक समाचार एकांश**

**दिनांक : 01/03/2026** **समय :2.10पीएम**

**प्रधानमंत्री–पुडुचेरी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पुडुचेरी में 2,700 करोड़ रुपये से ज़्यादा की अलग–अलग परियोजनाओं का उद्घाटन और लोकार्पण किया। प्रधानमंत्री ने एऩडीए की सभा में कहा, "पूरे भारत में टॉप–क्वालिटी इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने पर बहुत ज़ोर दिया जा रहा है। इस साल के बजट में, हमने इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने के लिए रिकॉर्ड 12 लाख करोड़ रुपये अलग रखे हैं। श्री मोदी ने कहा, "आज, दुनिया ऐसी मोबिलिटी पर फोकस कर रही है जो ज़्यादा साफ़ और ग्रीन हो। इलेक्ट्रिक गाड़ियां हमारी ज़िंदगी का एक ज़रूरी हिस्सा बन गई हैं। पुडुचेरी जैसे टूरिज़्म हब में, इलेक्ट्रिक बसें प्रदूषण कम करने के लिए गेम–चेंजर हो सकती हैं।

**कूनो नेशनल पार्क–मुख्यमंत्री**

प्रदेश में अब 48 चीते हो गए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मीडिया से चर्चा में कहा है कि प्रदेश की धरती को वन्यजीवों से समृद्ध करने के लिए सरकार सभी कदम उठा रही है। कूनो नेशनल पार्क में चीतों का पुनर्स्थापन इसी दिशा में उठाया गया बड़ा कदम है। डॉ. यादव ने कहा कि प्रकृति के साथ मनुष्य के संबंध के बेहतर परिणाम आए हैं और वन्यप्राणी चीतों की बसाहट के लिए दुनिया के सामने एक आदर्श उदाहरण प्रस्तुत किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में ऐसे कई और प्रयोग हम लगातार करने वाले हैं। आने वाले समय में असम से जंगली भैंसे आयेंगे। घड़ियाल और कछुए को हम छोड़ने वाले हैं।

**एचपीवी वैक्सीन**

प्रदेश में 14 वर्ष की लड़कियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के लिए एचपीवी वैक्सीन लगाने का अभियान कल से शुरू हो गया है। भोपाल में पहले दिन करीब दो हजार बच्चियों को वैक्सीन लगाई गई। उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला ने अभियान का शुभारंभ करते हुए कहा कि एचपीवी वायरस सर्वाइकल कैंसर का प्रमुख कारण है और टीकाकरण से इसके खतरे को कम किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि महिलाओं में स्तन कैंसर के बाद सबसे ज्यादा मामले सर्वाइकल कैंसर के ही भारत में पाए जाते हैं। ऐसे में यह अभियान जरूरी है। शिवपुरी जिले की 22 हजार 110 किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी वैक्सीन लगाई जाएगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय ऋषिश्वर ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग ने जिले को 50 फीसदी वैक्सीन आवंटित की है। रोज 11 केंद्रों पर सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक टीकाकरण होगा।

**वस्त्र उद्योग–केंद्रीय वस्त्र मंत्री**

केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि सरकार ने वस्त्र उद्योग के उन्नयन के लिए अतिरिक्त 15 हजार करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। इस कारण आज विश्व में वस्त्र उद्योग का निर्यात आठ सौ अरब डॉलर तक पहुंच गया है। उन्होंने कल भिवानी स्थित वस्त्र और विज्ञान तकनीकी संस्थान में आयोजित ग्लोबल टेक–टेक्सटाइल कॉन्क्लेव में यह बात कही। उन्होंने कहा कि भारत विदेशों से दो सौ 50 टन ग्लास फाइबर आयात करता है, जिसका उत्पादन अब देश में ही किया जाएगा। इस विशेष प्रकार के कपड़े का उपयोग आने वाले समय में भवनों, हवाई जहाजों, पवन टरबाइनों और हल्की कारों के निर्माण में भी किया जाएगा। यह लोहे से हल्का और सस्ता भी होगा। इस सम्मेलन में विश्व भर के 14 देशों के वस्त्र क्षेत्र के विशेषज्ञ भाग ले रहे हैं।

**आईसीसी टी20 विश्व कप**

आईसीसी टी20 क्रिकेट विश्व कप में भारत का सामना आज वेस्टइंडीज से होगा। मैच भारतीय समयानुसार शाम सात बजे से कोलकाता के ईडन ग्रार्डन में खेला जाएगा। इस मैच का नतीजा टूर्नामेंट में भारत का भविष्य तय करेगा। वहीं, दूसरा मुकाबला दक्षिण अफ्रीका और जिम्बाब्वे के बीच अरुण जेटली स्टेडियम में भारतीय समयानुसार दोपहर 3 बजे खेला जाएगा। पाकिस्तान सुपर–8 के मैच में श्रीलंका पर पांच रन से जीत हासिल करने के बावजूद टूर्नामेंट से बाहर हो गया है।

**कुछ समाचार संक्षेप में :–**

- प्रदेश में 2 मार्च से प्रस्तावित बस हड़ताल स्थगित कर दी गयी है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ हुई बस ऑनर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधियों की बैठक के बाद यह निर्णय लिया गया।
- आगरमालवा जिले में होली का त्यौहार ग्रामीण क्षेत्रों में वर्षो से चली आ रही फागुनी की परम्परा अनुसार मनाया जाएगा।
- छिन्दवाड़ा कलेक्टर ने त्यौहारों के आयोजन के दौरान शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए अधिकारियों को निर्धारित क्षेत्र एवं स्थलों पर नियुक्त किया है।
- श्योपुर में श्रीरामतलाई हनुमान जी मंदिर परिसर में आयोजित दो दिवसीय होली उत्सव मेले में स्वसहायता समूहों द्वारा पलास, गुलाब, गेंदा, बोगनविलिया आदि के फूलों से तैयार हर्बल गुलाल बिक्री के लिए रखा गया।
- कटनी जिले में त्यौहार के चलते आमजन को सुरक्षित और बिना मिलावट के खाद्य पदार्थ एवं मिठाइयाँ उपलब्ध हो सकें, इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा खाद्य सुरक्षा को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

————————

**प्रादेशिक समाचार एकांश**

**आकाशवाणी, भोपाल**

**दिनांक : 01/03/2026** **समय :2.10 पीएम**

प्रधानमंत्री-पुडुचेरी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पुडुचेरी में 2,700 करोड़ रुपये से ज़्यादा की अलग-अलग परियोजनाओं का उद्घाटन और लोकार्पण किया। प्रधानमंत्री ने एऩडीए की सभा में कहा, "पूरे भारत में टॉप-क्वालिटी इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने पर बहुत ज़ोर दिया जा रहा है। इस साल के बजट में, हमने इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने के लिए रिकॉर्ड 12 लाख करोड़ रुपये अलग रखे हैं। श्री मोदी ने कहा, "□ज, दुनिया ऐसी मोबिलिटी पर फोकस कर रही है जो ज़्यादा साफ़ और ग्रीन हो। इलेक्ट्रिक गाड़ियां हमारी ज़िंदगी का एक ज़रूरी हिस्सा बन गई हैं। पुडुचेरी जैसे टूरिज़्म हब में, इलेक्ट्रिक बसें प्रदूषण कम करने के लिए गेम-चेंजर हो सकती हैं।

कूनो नेशनल पार्क-मुख्यमंत्री

प्रदेश में अब 48 चीते हो गए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मीडिया से चर्चा में कहा है कि प्रदेश की धरती को वन्यजीवों से समृद्ध करने के लिए सरकार सभी कदम उठा रही है। कूनो नेशनल पार्क में चीतों का पुनर्स्थापन इसी दिशा में उठाया गया बड़ा कदम है। डॉ. यादव ने कहा कि प्रकृति के साथ मनुष्य के संबंध के बेहतर परिणाम □ए हैं और वन्यप्राणी चीतों की बसाहट के लिए दुनिया के सामने एक □दर्श उदाहरण प्रस्तुत किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में ऐसे कई और प्रयोग हम लगातार करने वाले हैं। □ने वाले समय में असम से जंगली भैंसे □येंगे। घड़ियाल और कछुए को हम छोड़ने वाले हैं।

एचपीवी वैक्सीन

प्रदेश में 14 वर्ष की लड़कियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के लिए एचपीवी वैक्सीन लगाने का अभियान कल से शुरू हो गया है। भोपाल में पहले दिन करीब दो हजार बच्चियों को वैक्सीन लगाई गई। उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला ने अभियान का शुभारंभ करते हुए कहा कि एचपीवी वायरस सर्वाइकल कैंसर का प्रमुख कारण है और टीकाकरण से इसके खतरे को कम किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि महिलाओं में स्तन कैंसर के बाद सबसे ज्यादा मामले सर्वाइकल कैंसर के ही भारत में पाए जाते हैं। ऐसे में यह अभियान जरूरी है। शिवपुरी जिले की 22 हजार 110 किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी वैक्सीन लगाई जाएगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय ऋषिश्वर ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग ने जिले को 50 फीसदी वैक्सीन □वंटित की है। रोज 11 केंद्रों पर सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक टीकाकरण होगा।

वस्त्र उद्योग-केंद्रीय वस्त्र मंत्री

केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि सरकार ने वस्त्र उद्योग के उन्नयन के लिए अतिरिक्त 15 हजार करोड़ रुपये □वंटित किए हैं। इस कारण □ज विश्व में वस्त्र उद्योग का निर्यात □ठ सौ अरब डॉलर तक पहुंच गया है। उन्होंने कल भिवानी स्थित वस्त्र और विज्ञान तकनीकी संस्थान में □योजित ग्लोबल टेक-टेक्सटाइल कॉन्क्लेव में यह बात कही। उन्होंने कहा कि भारत विदेशों से दो सौ 50 टन ग्लास फाइबर □यात करता है, जिसका उत्पादन अब देश में ही किया जाएगा। इस विशेष प्रकार के कपड़े का उपयोग □ने वाले समय में भवनों, हवाई जहाजों, पवन टरबाइनों और हल्की कारों के निर्माण में भी किया जाएगा। यह लोहे से हल्का और सस्ता भी होगा। इस सम्मेलन में विश्व भर के 14 देशों के वस्त्र क्षेत्र के विशेषज्ञ भाग ले रहे हैं।

□ईसीसी टी20 विश्व कप

□ईसीसी टी20 क्रिकेट विश्व कप में भारत का सामना □ज वेस्टइंडीज से होगा। मैच भारतीय समयानुसार शाम सात बजे से कोलकाता के ईडन ग्रार्डन में खेला जाएगा। इस मैच का नतीजा टूर्नामेंट में भारत का भविष्य तय करेगा। वहीं, दूसरा मुकाबला दक्षिण अफ्रीका और जिम्बाब्वे के बीच अरुण जेटली स्टेडियम में भारतीय समयानुसार दोपहर 3 बजे खेला जाएगा। पाकिस्तान सुपर-8 के मैच में श्रीलंका पर पांच रन से जीत हासिल करने के बावजूद टूर्नामेंट से बाहर हो गया है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में :-

ƨ प्रदेश में 2 मार्च से प्रस्तावित बस हड़ताल स्थगित कर दी गयी है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ हुई बस ऑनर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधियों की बैठक के बाद यह निर्णय लिया गया।

ƨ □गरमालवा जिले में होली का त्यौहार ग्रामीण क्षेत्रों में वर्षो से चली □ रही फागुनी की परम्परा अनुसार मनाया जाएगा।

ƨ छिन्दवाड़ा कलेक्टर ने त्यौहारों के □योजन के दौरान शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए अधिकारियों को निर्धारित क्षेत्र एवं स्थलों पर नियुक्त किया है।

ƨ श्योपुर में श्रीरामतलाई हनुमान जी मंदिर परिसर में □योजित दो दिवसीय होली उत्सव मेले में स्वसहायता समूहों द्वारा पलास, गुलाब, गेंदा, बोगनविलिया □दि के फूलों से तैयार हर्बल गुलाल बिक्री के लिए रखा गया।

ƨ कटनी जिले में त्यौहार के चलते □मजन को सुरक्षित और बिना मिलावट के खाद्य पदार्थ एवं मिठाइयाँ उपलब्ध हो सकें, इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा खाद्य सुरक्षा को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

-----------